शैक्षिक सत्र–2026–27

विषय–काष्ठ शिल्प

कक्षा–11

**इस विषय की लिखित परीक्षा में एक प्रश्न पत्र तीन घण्टे का होगा। प्रश्न पत्र 70 अंक का होगा। इसके अतिरिक्त 30 अंको की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। प्रयोगात्मक परीक्षा छः घण्टे की अवधि में एक दिन में सम्पन्न होगी। उत्तीर्ण होने के लिए लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में कम से कम क्रमशः 23+10=33 अंक होने चाहिए।**

| | **प्रश्न पत्र** | | **अधिकतम अंक** | **न्यूनतम अंक** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लिखित–केवल प्रश्नपत्र | | 70 अंक | 23 अंक |
| 2. | प्रयोगात्मक | | 30 अंक | 10 अंक |
| | | योग. . | 100 अंक | 33 अंक |

उत्तीर्ण होने के लिये लिखित तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में अलग–अलग उत्तीर्ण होने के साथ ही 33 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

**इकाई–एक** **10 अंक**

1. काष्ठशिल्प की परिभाषा, सिद्धान्त, महत्व उद्देश्य एवं फर्नीचर का इतिहास।
2. काष्ठशिल्प में प्रयोग होने वाले यंत्र। यंत्र की परिभाषा एवं उनका वर्गीकरण।
3. **खुरदरा काटने वाले यंत्रः–** इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की आरियों का ज्ञान। जैसे– दाँतों को बनाना, दांतों को सेट करना, दाँतों को तेज करना, 2.54 सेमी0 में दाँतों की संख्या, दाँतों का कोण तथा आरियों को चलाते समय ध्यान देने योग्य बातें।
4. **रन्दने वाले यंत्रः–** इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के रन्दों का ज्ञान। जैसेः– परीभाषा उनका प्रयोग, खराबियाँ, मुँह का कोण उनके भाग आदि। रन्दें में खराबियां तथा उनकों दूर करना। रन्दे को चलाते समय विशेष ध्यान देने योग्य बातें आदि।

**इकाई–दो** **10 अंक**

1. **छीलने वाले यंत्र–** इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की रुखानियों तथा ड्रा नाइफ का ज्ञान। जैसे– रूखानियों के प्रकार, उनके भाग, कार्य तथा प्रयोग करते समय विशेष ध्यान देने योग्य बातें।
2. **खरोचने वाले यंत्र–** इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के रेतियों का ज्ञान। दातों तथा कार्य के अनुसार रेतियों के प्रकार, उनके भाग, प्रयोग तथा सुरक्षा आदि का ज्ञान।
3. **जाँच करने वाले यंत्र–** इसके अन्तर्गत स्ट्रेट एज, वाइडिंग स्ट्रिप, प्लम्ब सूई, स्प्रिट लेवेल, गुनिया, स्लाइडिंग बेवेल, माइटर स्क्वायर आदि का ज्ञान।
4. **चिन्ह लगाने तथा नापने वाले यंत्र–** इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के खतकस, दो फुटा, चिन्ह चाकू, विंग परकार स्केल आदि का ज्ञान।

**इकाई–तीन** **10 अंक**

1. **छेद करने वाले यंत्र–** इसके अन्तर्गत ब्रेस, हैण्ड ड्रिल, देशी ड्रिल, एवं ब्राडाल का ज्ञान। ब्रेस तथा हैण्ड ड्रिल में प्रयोग होने वाले बिट्स (BITS) का ज्ञान।
2. **ठोकने तथा निकालने वाले यंत्र–** इसके अन्तर्गत मुँगरी विभिन्न प्रकार के हथौड़े, जम्बूर, प्लायर्स, नेल पुलर, नेल पंच, पेचकस आदि का ज्ञान।
3. **कसकर पकड़ने वाले यंत्र–** इसके अन्तर्गत मेज बांक, आरी बांक छड़ सिकन्जा, जी सिकन्जा, बेन्च वाइस, बेन्च होल्ड फास्ट तथा दस्ती पेंच आदि का ज्ञान।

**इकाई–चार** **10 अंक**

1. **पर्यावरण–** पर्यावरण की परिभाषा प्रकार तथा काष्ठशिल्प प्रयोगशाला से होने वाले प्रदूषण, उनका स्वास्थ्य पर प्रभाव तथा बचाव के उपाय। वृक्ष हमारे मित्र, प्रदूषण दूर करने में इनसे प्राप्त सहायता।
2. **लकड़ी में खराबियाँ**–खराबियों के प्रकार तथा विस्तार से उनका वर्णन।
3. **वृक्षः**–वृक्ष के मुख्य भाग तथा उनके कार्य।
4. लकड़ी के व्यापार से राष्ट्रीय आय। आयात एवं निर्यात।

**इकाई–पाँच** **10 अंक**

1. **वृक्षः**– वृक्ष के प्रकार तथा एक्सोजेनस वृक्ष के तने का व्यतस्त खण्ड।
2. **वृक्षः**– वृक्ष का बढ़ना।
3. पेड़ काटने का उचित समय (मौसम), पेड़ काटने की उम्र तथा कटी हुई लकड़ियों के नाम व व्यापारिक आकार।

4. लट्ठे चीरना, लकड़ी के रेशे तथा अच्छी लकड़ी की पहचान (गुण)।

**इकाई–छः** **10 अंक**

1. **नमूनों (MODELS) को सजाने की विधियाँ–** जैसेः– शेपिंग, खराद कार्य, तक्षण कला, ऐंठन एप्लीक का कार्य , इनलेइंग,, मोल्डिंग, विनियरिंग तथा स्टेन्सिलिंग का सम्पूर्ण ज्ञान।
2. **आलेखन–** आलेखन की परिभाषा, प्रकार एवं बनाने का सिद्धान्त।
3. मापनी– मापनी की परिभाषा प्रकार, मापनी बनाने का सम्पूर्ण ज्ञान।

**इकाई–सात** **10 अंक**

1. **मोल्डिंग– मोल्डिंग की परिभाषा** उनके प्रकर, नाप, अनुपात, तथा एक या कई को मिलाकर उनका प्रयोग।
2. **सरेस– सरेस की परिभाषा,** सरेस के प्रकार तथा सरेस वर्तन पशु सरेस पकाने तथा प्रयोग करने की विधि ।
3. तेल–काष्ठकला में प्रयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के तेलों का ज्ञान ।

**प्रयोगात्मक कार्य** **30 अंक**

1. प्रयोगात्मक कार्य में छात्रों से विभिन्न प्रकार के नमूने (MODELS) बनवाये जायेंगे।
2. छात्रों से सभी प्रकार के यंत्रों का क्रमानुसार प्रयोग करने का उचित अभ्यास करायें जायें।
3. छात्रों को प्रयोगात्मक परीक्षा सम्बन्धिति प्रश्नों के अभ्यास करायें जायें।

**प्रयोगात्मक परीक्षा का अंक विभाजन निम्नवत् होगा–**

**अधिकतम अंक–30** **न्यूनतम उत्तीर्णांक–10** **समय–6 घण्टे (एक दिन में)**

| | |
|---|---|
| 1– लकड़ी का प्लेनिंग एवं शुद्वता | 05 अंक |
| 2 – माडल की तैयारी तथा सही बनाने की विधि | 04 अंक |
| 3– सही जोड़, कील एवं पेंच का प्रयोग | 03 अंक |
| 4– माडल की सही रूप रेखा | 03 अंक |
| 5– चिप कर्विंग | 03 अंक |
| 6– प्रोजेक्ट कार्य एवं मौखिक | 08 अंक |
| 7– सत्रीय कार्य एवं सतत् मूल्यांकन | 04 अंक |
| | योग=30 अंक |

**पुस्तकें**

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के वरिष्ठ विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर ले।

**उपचारात्मक शिक्षण हेतु चार यूनिट टेस्ट निम्नलिखित है–**

| | | |
|---|---|---|
| (i) प्रथम यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित) | जुलाई द्वितीय सप्ताह | 20 अंक |
| | (10 अंक ग्रीष्मावकाश गृहकार्य + 10 अंक यूनिट टेस्ट) | |
| (ii) द्वितीय यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित) | अगस्त अन्तिम सप्ताह | 20 अंक |
| (iii) तृतीय यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित) | नवम्बर अन्तिम सप्ताह | 20 अंक |
| (iv) चतुर्थ यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित) | दिसम्बर अन्तिम सप्ताह | 20 अंक |

**नोट– उपरोक्त यूनिट टेस्ट उपचारात्मक शिक्षण के अन्तर्गत विद्यालय स्तर पर लिये जायेंगे। इनके प्राप्तांक परीक्षफल में सम्मिलित नहीं किये जायेंगे।**